# विज्ञान

(अध्याय – 8) (शरीर में गति)

(कक्षा – 6)

## अभ्यास

**प्रश्न 1:**

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(क) अस्थियों की संधियाँ शरीर को _________________ में सहायता करती हैं।

(ख) अस्थियाँ एवं उपास्थि संयुक्त रूप से शरीर का ______ बनाते हैं।

(ग) कोहनी की अस्थियाँ _________________ संधि द्वारा जुड़ी होती हैं।

(घ) गति करते समय __________ के संकुचन से अस्थियाँ खिंचती हैं।

**उत्तर 1:**

(क) अस्थियों की संधियाँ शरीर को गति में सहायता करती हैं।

(ख) अस्थियाँ एवं उपास्थि संयुक्त रूप से शरीर का कंकाल बनाते हैं।

(ग) कोहनी की अस्थियाँ हिंज संधि द्वारा जुड़ी होती हैं।

(घ) गति करते समय मांसपेशी के संकुचन से अस्थियाँ खिंचती हैं।

**प्रश्न 2:**

निम्न कथनों के आगे सत्य (T) तथा असत्य (F) को इंगित कीजिए।

(क) सभी जंतुओं की गति एवं चलन बिलकुल एक समान होता है। ( )

(ख) उपास्थि अस्थि की अपेक्षा कठोर होती हैं। ( )

(ग) अंगुलियों की अस्थियों में संधि नहीं होतीं। ( )

(घ) अग्रभुजा में दो अस्थियाँ होती हैं। ( )

(ड़) तिलचट्टों में बाह्य-कंकाल पाया जाता है। ( )

**उत्तर 2:**

(क) सभी जंतुओं की गति एवं चलन बिलकुल एक समान होता है। (असत्य)

(ख) उपास्थि अस्थि की अपेक्षा कठोर होती हैं। (असत्य)

(ग) अंगुलियों की अस्थियों में संधि नहीं होतीं। (असत्य)

(घ) अग्रभुजा में दो अस्थियाँ होती हैं। (सत्य)

(ड़) तिलचट्टों में बाह्य-कंकाल पाया जाता है। (सत्य)

**प्रश्न 3:**

कॉलम I में दिए गए शब्दों का संबंध कॉलम II के एक अथवा अधिक कथन से जोड़िए:

| **कॉलम I** | **कॉलम II** |
|---|---|
| उपरी जबड़ा | शरीर पर पंख होते हैं। |
| मछली | बाह्य-कंकाल होता है। |
| पसलियाँ | हवा में उड़ सकता है। |
| घोंघा | एक अचल संधि है। |
| तिलचट्टा | ह्रदय की सुरक्षा करती है। |
| | बहुत धीमी गति से चलता है। |
| | का शरीर धारा रेखीय होता है। |

**उत्तर 3:**

| **कॉलम I** | **कॉलम II** |
|---|---|
| उपरी जबड़ा | एक अचल संधि है। |
| मछली | शरीर पर पंख होते हैं, का शरीर धारा रेखीय होता है। |
| पसलियाँ | हृदय की सुरक्षा करती है। |
| घोंघा | बहुत धीमी गति से चलता है। |
| तिलचट्टा | बाह्य-कंकाल होता है, हवा में उड़ सकता है। |

**प्रश्न 4:**

निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**(क)** कंदुक-खल्लिका संधि क्या है?

**(ख)** कपाल की कौन-सी अस्थि गति करती है?

**(ग)** हमारी कोहनी पीछे की ओर क्यों नहीं मुड़ सकती?

**उत्तर 4:**

**(क)** एक ऐसी संधि जो जुड़े हुए भाग को सभी दिशाओं में घुमाने की अनुमति देता है, कंदुक-खल्लिका संधि कहते हैं। उदाहरण के लिए कंधे और हाथ का जोड़।

**(ख)** कपाल में केवल निचला जबड़ा गति में रहता है।

**(ग)** कोहनी हिंज संधि का एक उदाहरण है जो केवल एक ही दिशा में गीत अनुमति देता है। इसलिए, हम अपनी कोहनी को पीछे की ओर नहीं ले जा सकते हैं।